हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 29 .1 डिग्री
न्यूनतम 16 .2 डिग्री

10 दस रुपये में मिलेगा शुद्ध भोजन, अटल किसान-मजदूर 10 कैंटीन का शुभारंभ



## खबर संक्षेप

### इसराना क्षेत्र से विवाहिता लापता, मामला दर्ज

**पानीपत।** थाना इसराना क्षेत्र से एक महिला के लापता हो गई। 33 वर्षीय महिला 17 मार्च को दोपहर कपड़े सिलवाने के लिए घर से निकली थी। इसक बाद से वह लापता है। इधर, परिजनों ने महिला की हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। वहीं पति की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने गुमशुदी का केस दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

### दुकान से 65 हजार रुपये की नकदी चोरी

**पानीपत।** किला थाना पुलिस को दी शिकायत में राजेंद्र गर्ग निवासी महादेव कॉलोनी की गर्ग आटा चक्की के नाम से मेन गली में दुकान है। दुकान के ऊपर ही मकान है। 17 मार्च की सुबह दो अज्ञात चोरों ने गेट का ताला तोड़ा और दुकान के गल्ले में रखे 65 हजार रुपये कैश चुरा ले गए।

### घर से नकदी और जेवर ले उड़े चोर

**पानीपत।** थाना सेक्टर-13-17 के अंतर्गत नीनू नाथ निवासी गांव गढ़सरनाई ने दी शिकायत में बताया कि 11 मार्च को वह अपनी रिश्तेदारी में गया हुआ था। जबकि पत्नी रेखा सनौली अपने मायके गई हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कविन्द्र व जगमिन्द्र ने उनके घर से सोने के जेवरात व 80 हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने जगमिन्द्र के पकड लिया है।

### बदमाशों ने गोली मारकर बाइक लूटी

**पानीपत।** गांव बापौली के पास बदमाशों ने देसी पिस्तौल से सिक्योरिटी गार्ड अवनीश निवासी गांव गोयला खुर्द जिला पानीपत को गोली मार कर घायल कर दिया और बदमाश बाइक लूटकर फरार हो गए। वहीं बापौली थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### अवैध असला सप्लाई करने वाले को पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने अवैध असला सप्लाई करने के आरोपी दीपक निवासी गांव सींक जिला पानीपत को गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि दीपक ने सन्नी उर्फ मोनी निवासी शेखपुरा मंचूरी असंध करनाल को अवैध एक देसी पिस्तौल दिया था।

### पुलिस ने लूट के दो आरोपियों को पकड़ा

**पानीपत।** थाना माडल टाउन पुलिस ने सतकरतार कॉलोनी स्थित प्रिटिंग प्रेस के संचालक सुरेश निवासी आठ मरला से सोने की चेन व नगदी लुटने के मामले में दो आरोपियों रणजीत निवासी सतकरतार कॉलोनी हाल न्यू क्रांति नगर व अमन निवासी गांव बुड़शाम को गिरफ्तार किया। इस मामले में आठ मरला चौकी में केस दर्ज है।

### नौल्था गांव की 50 साल पुरानी मांग पूरी हुई

**इसराना।** पानीपत के गांव नौल्था में किसानों की लंबे समय से चली आ रही समस्या का प्रदेश सरकार व रेलवे ने हल कर दिया है। गांव नौल्था में रेलवे लाइन के कारण किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने के लिए करीब पांच किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता था। ग्रामीणों की 50 साल पुरानी मांग को पूरा करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रेलवे विभाग को अंडरपास बनाने के लिए छह करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की थी। वहीं, प्रदेश में भाजपा सरकार ने प्रोजेक्ट को किसानों के हित में आगे बढ़ाया। मंगलवार को गांव के सरपंच बलराज सिंह जागलान ने अंडरपास के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। ग्रामीणों ने भाजपा सरकार, पंचायत विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार का आभार व्यक्त किया। विशेष रूप से कप्तान सिंह जागलान की भूमिका सराहनीय रही।

बाइक की टंकी फटने से बाइक व ट्रक में लगी आग

# मिट्टी से भरे डंपर ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, महिला की मौत, व्यक्ति घायल

- दमकल विभाग की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जगाधरी-बिलासपुर रोड पर गांव रामखेड़ी के नजदीक मंगलवार शाम मिट्टी से भरे डंपर ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिसमें मोटरसाइकिल सवार महिला की मौत हो गई जबकि व्यक्ति घायल हो गया। बाइक की टंकी फटने से बाइक व डंपर में आग लग गई। दमकल विभाग की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जिला झज्जर निवासी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि भीम नगर यमुनानगर निवासी 45 वर्षीय सुनीता के पति की दस वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी। उसकी सुनीता से इंस्टाग्राम पर जान पहचान हुई थी। नवंबर महीने में दोनों ने शादी कर ली थी और पिछले 15 दिनों से वह यहां सुनीता के साथ रह रहा था।



**यमुनानगर।** जगाधरी बिलासपुर रोड पर गांव रामखेड़ी के पास हुए सड़क हादसे के बाद डंपर में लगी आग को बुजाता दमकल कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

सुनीता की दो बेटियां एक बेटा है। आज दोपहर को वह सुनीता के साथ मोटरसाइकिल पर कपालमोचन किसी काम से आए थे। जब वह बाइक पर वापस लौट रहे थे तो गांव रामखेड़ी के पास डंपर ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह दोनों सड़क पर गिर गए। उनकी बाइक डंपर के टायर के नीचे फंस गई। जिससे बाइक की टंकी फट गई। जिससे बाइक और डंपर में आग लग गई। हादसे में सुनीता की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दमकल विभाग को आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में रखवा दिया। बाद में पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**डंपर चालक पर केस**

बिलासपुर थाना के जांच अधिकारी जगदीप मोर ने बताया कि दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक सुरेन्द्र को गंभीर चोटें आई और सुनीता की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ट्रामा सेंटर के शवगृह में रखवा दिया। पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी।



**कुरुक्षेत्र।** प्रदर्शन करते पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## नई ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारियों का प्रदर्शन

- 28 और 29 मार्च को पंजाब नेशनल बैंक में होगी हड़ताल : राय सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल ऑफिस के सामने ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर एसोशिएशन के बैनर तले बैंक अधिकारियों ने दूसरी बार नई क्रूर ट्रान्सफर पॉलिसी को वापिस लिए जाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर एसोशिएशन के डिप्टी जनरल सेक्रेटरी व कुरुक्षेत्र के सर्कल सेक्रेटरी राय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नई क्रूर ट्रान्सफर पॉलिसी जिसमें 6 साल की सर्विस के बाद सर्कल से बाहर व उसके 3 साल बाद जोन के बाहर ट्रांसफर करने का सर्कुलर बैंक द्वारा जारी किया गया है, जिसको लेकर पीएनबी अधिकारी वर्ग में बैंक के एमडी के प्रति बेहद नाराजगी व आक्रोश है।

आंदोलनात्मक कार्यक्रम के बारे में उन्होने जानकारी दी कि 21,27 मार्च को भी भारत वर्ष के पीएनबी के सभी सर्कल ऑफिस जोनल ऑफिस के बाहर और 26 मार्च को प्रधान कार्यालय, दिल्ली के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा। यदि हमारी मांगे नहीं मानी जाती तो 28 व 29 मार्च को पंजाब नेशनल बैंक में हड़ताल होगी।



## प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री से राज्यपाल ने की शिष्टाचार भेंट

**कुरुक्षेत्र।** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के कल्याण, भूमि की उर्वरता, मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक खेती को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन की घोषणा की है। यह मिशन आगामी 1 अप्रैल से पूरे देश और गुजरात में लागू किया जाएगा। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने गुजरात में इस मिशन के कार्यान्वयन की तैयारियों और संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी। इसके अलावा, विकसित भारत @2047 के लक्ष्य के तहत गुजरात के विश्वविद्यालयों के युवाओं की भागीदारी को लेकर मार्गदर्शक पहलुओं पर भी उन्होंने प्रधानमंत्री से चर्चा की। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के लिए राज्य में किए जा रहे प्रयासों पर भी विचार-विमर्श किया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ हुई बैठक में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने नशामुक्ति अभियान में विश्वविद्यालयों के छात्रों की सहभागिता पर चर्चा की। इसके साथ ही, आगामी गर्मी के मौसम में बिजली की मांग को संतुलित करने के लिए ऊर्जा बचत अभियान और बिजली के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए उठाए जा रहे कदमों पर भी बातचीत हुई।

## बाइक सवार युवक पर लोहे की रॉड से किया जानलेवा हमला

- पीजीआई रेफर हमलावरों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज

**बराड़ा।** गांव उगाला में रंजिश के चलते एक युवक पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में घायल रोहित (25) की हालत गंभीर बनी हुई है। वह ह पीजीआईएमआर सेक्टर-12, चंडीगढ़ में उपचाराधीन है। पुलिस ने आरोपी भीम के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शी अजय कुमार उर्फ मंगू ने पुलिस को बताया कि 15 मार्च 2025 को उनके ताऊ के लड़के ओमपाल के घर एक समारोह था। इसमें रोहित भी शामिल होने आया था। शाम करीब 8:30 बजे वह और रोहित बाइक से उगाला बाजार से समान लेने गए थे। रोहित बाइक चला रहा था। अजय पीछे बैठा था। उगाला चौक से बुहावा रोड पर बाइक रिपेयर की दुकान के पास मुड़ते समय भीम अचानक लोहे की रॉड लेकर उनकी ओर दौड़ा। उसने बाइक रोक ली। भीम ने रोहित को गालियां दीं और जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर लोहे की रॉड से दो वार किए। तीसरा वार करने से पहले अजय ने उसे रोका और शोर मचाया। इसके बाद भीम रोहित को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। रोहित बाइक से गिर गया। अजय ने तुरंत अपने ताऊ के लड़के ओमपाल को फोन किया। परिजनों ने रोहित को निजी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया। हालत बिगड़ने पर उसे पीजीआई सेक्टर-32, चंडीगढ़ ले जाया गया।

# दो साल पहले पड़ोसी लड़की से शादी करने वाले युवक ने फंदा लगाकर किया आत्महत्या

- मरने से पहले बनाई वीडियो, पत्नी व सास पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप
- पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर की एकता विहार कॉलोनी में एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने मरने से पहले अपने फोन में एक वीडियो बनाई। जिसमें उसने अपनी पत्नी व सास पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि मृतक युवक ने करीब दो साल पहले अपनी पड़ोस में रहने वाली लड़की से शादी की थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



**यमुनानगर।** फंदे पर लटककर खुदकुशी करने वाले पंतजीत मामले में कार्रवाई करती हुई पुलिस। फोटो : हरिभूमि

एकता विहार कॉलोनी निवासी मृतक की मां जसविंद्र कौर ने बताया कि आज सुबह साढ़े आठ बजे उसने अपने 26 वर्षीय बेटे पतंजीत को काम के लिए जगाने की कोशिश की। मगर कमरे से कोई जवाब नहीं मिला। काफी देर तक आवाज देने के बाद छोटे बेटे ने रोशनदान से झांककर देखा तो पंतजीत फंदे से लटका हुआ था। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

उसने बताया कि उसके लड़के पंतजीत ने दो साल पहले पड़ोस में रहने वाली नरेंद्र उर्फ निशा से शादी की थी। पंतजीत फव्वारा चौक पर एक हार्डवेयर की दुकान में पिछले 15-20 सालों से काम कर रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि निशा और उसकी मां सुमनप्रीत लंबे समय से उनके बेटे को प्रताड़ित कर रही थी। जिस कारण उसके लड़के ने फंदा लगाकर आत्महत्या की है।

**पुलिस मौके पर पहुंची**

फंदा लगने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**मामले की हो रही जांच**

मामले की जांच कर रहे फरकपुर थाना प्रभारी जनक राज ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक द्वारा बनाए गए वीडियो की जांच की जा रही है। आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

# मेसर्स शाकंभरी इंटरनेशनल राइस मिल संचालक पर तीन करोड़ 62 लाख 91 हजार के चावल गबन करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- पुलिस ने आरोपी राइस मिल संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया

जिले के सरस्वती नगर स्थित मेसर्स शाकंभरी इंटरनेशनल राइस मिल के संचालक राजन अग्रवाल पर 3 करोड़ 62 लाख 91 हजार रुपये के चावल गबन करने का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हैफेड के मैनेजर शीशपाल गौरी ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि राजन अग्रवाल का सरस्वती नगर में मेसर्स शाकंभरी इंटरनेशनल के नाम से राइस मिल है। उसे 2024 में हैफेड द्वारा 38592 क्विंटल सरकारी धान दी गई थी। जिसके बदले उससे 25856 क्विंटल चावल लेने थे।

मगर इस दौरान राजन अग्रवाल सरकारी धान के पूरे चावल सरकार को वापस नहीं कर पाया। जिस कारण राजन अग्रवाल की तरफ 11249.83 क्विंटल चावल बकाया है। जिनकी कीमत करीब 3 करोड़ 62 लाख 91 हजार रुपये है।

जांच में पाया गया कि आरोपी द्वारा यह चावल गबन कर लिए गए हैं। जिससे सरकार को नुकसान हुआ है। आरोपी राजन अग्रवाल को इस संबंध में कई बार नोटिस देकर चावल की रिकवरी के बारे में लिखा गया मगर आरोपी द्वारा चावल नहीं दिए गए।

इसके बाद आरोपी राजन अग्रवाल के खिलाफ थाना छप्पर पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने देर शाम मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## कनाडा भेजने का झांसा देकर 17.65 लाख रुपये ठगे

**पानीपत।** थाना मतलौडा पुलिस ने गांव दरियापुर निवासी सुनील कुमार व उरलाना कलां निवासी दीपक की शिकायत पर मोहाली स्थित रुद्राक्ष कंपनी के खिलाफ केस दर्ज किया है। सुनील व दीपक का आरोप है कि कंपनी ने उन्हें कनाडा भेजने का झांसा देकर 17.65 लाख रुपए ठग लिए। वहीं, सुनील व दीपक ने थाना मतलौडा को दी शिकायत में बताया कि उनका मोहाली की रुद्राक्ष कंपनी के मालिक राकेश रिखी से संपर्क हुआ। राकेश ने दोनों को करनाडा कनाडा में स्टडी वीजा और दो साल का वर्क परमिट दिलाने का आश्वासन देकर दीपक ने 12 लाख 10 हजार रुपए और सुनील ने 5 लाख 55 हजार रुपए ले लिए थे। इधर, पुलिस ने कंपनी मालिक राकेश रिखी पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**करनाल।** पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी। फोटो : हरिभूमि

## युवक की हत्या के मामले में छह आरोपियों को किया गिरफ्तार

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल के थाना सिविल लाइन के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी मॉडल टाउन के अधिकार क्षेत्र सैनी कॉलोनी सेक्टर 12 में 14 मार्च को चाकू मार कर हत्या करने के मामले में पुलिस चौकी मॉडल टाउन की टीम द्वारा छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में पुलिस चौकी मॉडल टाउन इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार की अध्यक्षता में टीम द्वारा दिनांक 16 मार्च को एक आरोपी अमित निवासी गांव बलडी जिला करनाल को विश्वास ने सूचना के आधार पर गांव बलडी के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसको अगले दिन न्यायालय के समक्ष पेश करके 2 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। आज अन्य आरोपी अनीश पुत्र सुरेंद्र प्रदीप पुत्र महेंद्र व राहुल उर्फ घोड़ा पुत्र प्रवीण कुमार वासीगण गांव बलडी जिला करनाल साहिल उर्फ अमन उर्फ़ रम्बेवाला गांव रंभा जिला करनाल व राजेश पुत्र कीडूराम वासी गांव टपराना जिला करनाल को गांव बलड़ी करनाल के पास से गिरफ्तार किया गया।आरोपियों ने दिनांक 14 मार्च को हिमांशु पुत्र शीशपाल निवासी छपरा खेड़ा की चाकू मारकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में मृतक के पिता की शिकायत पर थाना सिविल लाइन में मुकदमा नंबर- 104 दिनांक 14 मार्च 2025 धारा 103(1), 115, 118(1), 190, 191(3) के तहत मामला दर्ज किया गया था मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

**कार्यक्रम** आर्य समाज का बुबका में चल रहा दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का समापन

वार्षिक उत्सव के समापन पर हवन यज्ञ का हुआ आयोजन

# आर्य समाज के संस्कारों को अपनाकर देश कर सकता है उन्नतिः नाथी

- उत्सव में मुख्यतिथि के रुप में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित एवं महान शिक्षाविद नाथी राम कांबोज ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

आर्य समाज द्वारा गांव बुबका में आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का समापन हो गया। समापन अवसर पर वैदिक हवन यज्ञ का आयोजन कर सभी के अच्छे स्वास्थ्य व सुख समृद्धि की मंगल कामना की। वैदिक हवन यज्ञ में सुशील आर्य यजमान के रूप में मौजूद रहे। वेदों के प्रकांड गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संगीताचार्य जयपाल आर्य ने पूरी वैदिक रीति से हवन यज्ञ सम्पन्न करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज बुबका के प्रधान राजबीर आर्य व आर्य समाज बुबका के संरक्षक सेवाराम आर्य ने की।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित उत्तर प्रदेश के महान शिक्षाविद नाथी राम कांबोज व चौधरी चरण सिंह



**यमुनानगर।** गांव बुबका में आर्य समाज के वार्षिक उत्सव के अवसर पर आयोजित हवन यज्ञ में भाग लेते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति डॉ. बलदेव राज कांबोज ने भाग लिया। मौके पर आर्य समाज बूबका की कार्यकारिणी द्वारा आए हुए मुख्यातिथियों को अंगवस्त्र पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

मुख्यातिथि नाथी राम ने कहा कि आर्य समाज के संस्कारों को अपनाकर देश उन्नति कर सकता है। आज की युवा पीढ़ी नशे की और बढ़ रही है जो समाज के लिए हानिकारक है। आज के समय में अधिक से अधिक युवाओं को आर्य समाज के संस्कारों से जुड़ना चाहिए। संस्कारों से जुड़कर ही आज के युवा भारतीय संस्कृति को उसकी पुरानी पहचान दिलवा सकते हैं। उन्होंने समाज में मृत्युभोज जैसी बुराई को दूर करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा वेदों में कहीं भी मृत्युभोज का उल्लेख नहीं है।

वहीं, डॉ. बलदेव राज कांबोज ने कहा कि वे देश के शहीदों को नमन करते हैं। उत्सव के समापन पर प्रसिद्ध भजनोपदेशक कुलदीप आर्य बिजनौर ने ईश्वर भक्ति व शहीदों के जीवन चरित्र पर भजन पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर आर्य समाज बूबका के उपप्रधान नोरती राम, मंत्री राम कुमार, कोषाध्यक्ष धर्म चंद, उमेश, बलबीर, अमित कांबोज, प्रदीप चौधरी, नीरज गर्ग, सुभाष जयपुर, मनीष आर्य, राजेश आर्य, पूर्व सरपंच सुनील कुमार, भानू राम साबापुर, गौरव मंधार, राजकुमार, हुकम चंद आर्य व ईश्वर आर्य आदि मौजूद रहे।

# गेहूं की खरीद शुरू होने से पहले मंडियों में की जाए स्टोरेज की व्यापक व्यवस्था: जगमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के सदस्यों ने अपनी मांगो को लेकर मंगलवार को डीसी पार्थ गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के सदस्यों ने अनाज मंडी के आढ़तियों की समस्याओं के समाधान की मांग की। मंगलवार सुबह अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के सदस्य प्रधान जगमाल सिंह के नेतृत्व में जिला सचिवालय में पहुंचे। जिला सचिवालय में पहुंचकर एसोसिएशन के सदस्यों ने उपायुक्त पार्थ गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर अनाज मंडी में आढ़तियों को आने वाली समस्याओं को दूर किए जाने व उनकी मांगे तुरंत पूरी किए जाने की मांग की। खेतों में गेहूं की फसल पकने को तैयार खड़ी है। गेहूं की आवक जल्द ही अनाज मंडियों में शुरु होने वाली है। मगर अभी तक अनाज मंडी में गेहूं स्टोरेज की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। ज्ञापन में अनाज मंडी में स्टोरेज स्टोरेज व्यवस्था दुरुस्त करने, मजदूरों की संख्या बढ़ाने, एमएलसी और एमटीसी ठेकेदार को 48 घंटे के अंदर उठान करने के निर्देश दिए जाने, मंडी से उठान के समय नजदीक के धर्म कांटा एजेंसी पर वजन कराए जाने, गेहूं बिक्री के समय उसकी नमी को जांच किए जाने आदि की मांग को जल्द पूरा किए जाने की मांग की।

### खरीद शुरू होने से पहले उपलब्ध करवाया जाए 50% बारदाना

*प्रधान जगमाल सिंह ने कहा कि गेहूं की आवक शुरु होने से पहले जिला की सभी मंडियों में साफ सफाई का कार्य पूरा किए जाने, पीने का पानी व शौचालय आदि की व्यवस्था सही की जाए। उन्होंने गेहूं की फसल की खरीद शुरु होने से पहले आढ़ती को 50 प्रतिशत बारदाना उपलब्ध कराए जाने, अभी कई किसान पोर्टल पर पंजीकृत नहीं हुए हैं उसके लिए पोर्टल को दोबारा से खोला जाने,सरसों रफसल की मंडी में आवक बढ़ चुकी है और इसके लिए कम से कम दो मंडियों में खरीद किए जाने की मांग की। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के सदस्यों को उनकी समस्याओं व मांगो को दूर करवाए जाने का आश्वासन दिया है।*



यमुनानगर। डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के सदस्य।

## बलिंद्र ढिल्लो बने रादौर आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान

**रादौर।** अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के सदस्यों की आयोजित बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया। सरंक्षक रामकुमार झगुडी ने अध्यक्षता की। संरक्षक ने बताया कि अनाज मंडी रादौर में आयोजित हुई बैठक में बलिंद्र सिंह ढिल्लो धौलरा को सर्वसम्मति से मंडी प्रधान बनाया गया। वहीं, मनीष खुर्दबन को उपप्रधान, सरदार इंद्रजीत सिंह को सचिव व आकाश कांबोज को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को एसोसिएशन के सदस्यों ने फुलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलवाकर उन्हें पदभार ग्रहण करवाया। नवनियुक्त प्रधान बलिंद्र सिंह ढिल्लो ने कहा कि वह संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे। आढ़तियों की मांगों को सरकार तक पहुंचाकर उनकी मांगों को पूरा करवाने का काम करेंगे। आढ़तियों की समस्याओं को दूर करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाएगा। पूर्व प्रधान संजय गुप्ता, राजपाल खरकाली, रामकुमार झगुडी, संदीप टोपरा, रमेश पलाका, मास्टर निरंजन सिंह, अभिषेक आहुजा, पवन गर्ग, रवि सैनी, बंसी सैनी, सुरेंद्र कुमार, मोहन सैनी, दिलावर सिंह, लाभ सिंह, संजय कुमार, मनीष कांबोज, आयुष गुप्ता, मोंटू सैनी, भजनलाल, जितेंद्र कांबोज, दिनेश मेहता, कुलदीप राणा, इंद्रजीत सिंह, हरपाल सिंह, मिहा सिंह, प्रवीन सैनी बबलू, आशु सांगवान व राजा आदि मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप



### स्टार्टअप से नौकरियां देने वाली बनें छात्राएं

**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज के इंस्टीट्यूशलन इनोवेशन काउंसिल इंक्यूबेशन स्किल डेवलपमेंट एंड इंप्लॉयमेंट जनरेशन सेल तथा मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के स्वरोजगार जागरुकता हुआ। कॉलेज प्राचार्या डॉ. सुरिंद्र कौर, समन्वयक डॉ. अनीता मौदगिल व आईसीसी कनवीनर विवेक शामिल हुए। जबकि मुख्य वक्ता के रुप में नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्मॉल बिजनेस डेवलपमेंट के समन्वयक शोभित मैथानी, स्टेट हेड हरिमोहन, ट्रेनिंग पार्टनर रमन चावला तथा पंजाब नेशनल बैंक मैनेजर एसएन जौहर ने भाग लिया। शोभित मैथानी ने कहा कि आज के समय में दिन प्रतिदिन नौकरियों की संख्या घट रही है। इसलिए स्वरोजगार को बढावा देना जरूरी है। स्किल सीखकर स्टार्टअप को बढ़ावा दे सकते हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि हम नौकरी लेने वाले नहीं, बल्कि देने वाले बन सकेंगे। हरिमोहन व रमन चावला ने कहा कि ट्रेनिंग के दौरान छात्राओं को नए स्टार्टअप की बेसिक नॉलेज प्रदान करना ही कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य है। उन्हें बताया जाएगा कि अपना बिजनेस शुरू करने के लिए किस प्रकार से बैंक की मदद ले सकते हैं।

## पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

# कबूतरबाजों का खेल : विदेश भेजने का झांसा दे युवक से हड़पे दो लाख 46 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की छोटी लाइन दुर्गा गार्डन निवासी कुणाल वर्मा को विदेश भेजने के नाम पर दो लाख 46 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप केयर ऑफ दिव्या इमीग्रेशन लाडवा के संचालक मुकेश सैनी पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दुर्गा गार्डन निवासी कुणाल वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसके पिता राकेश वर्मा की मुलाकात केयर ऑफ दिव्या इमीग्रेशन लाडवा के संचालक मुकेश सैनी से हुई। मुकेश सैनी ने उसके पिता को बताया कि वह लोगों को विदेश भेज कर वहां पर रोजगार दिलवाने का काम करता है। वह उसके लड़के कुणाल वर्मा को भी यूरोप की कंट्री में भेज देगा। जहां पर उसे अच्छा रोजगार मिल जाएगा। इस दौरान आरोपी मुकेश सैनी ने उसके पिता राकेश वर्मा से अलग-अलग करके तीन लाख रुपए ले लिए और जरूरी दस्तावेज भी अपने पास रख लिए। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने इस बारे में मुकेश से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

इस दौरान मुकेश ने अपनी गलती मानते हुए पंचायती समझौते में दो लाख 46 हजार रुपये वापस देने का वायदा कर लिया। इस दौरान आरोपी ने उन्हें चेक दिया। जब उन्होंने वह चेक बैंक में लगाया तो वह बाउंस हो गया। चेक बाउंस होने के बाद जब उन्होंने इस बारे आरोपी से बात की मगर वह उसे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। जिससे परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत मिलने पर मामले की जांच के बाद आरोपी मुकेश सैनी के खिलाफ धोखाधड़ी किया आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## युवक आत्महत्या मामला: पिता और पुत्री के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव बाग का माजरा करेड़ा खुर्द में देर शाम रजत कुमार उर्फ रिषभ द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने शहर की कमानी चौक निवासी युवती व उसके पिता संजीव उर्फ हैप्पी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि रजत कुमार युवती से प्यार करता था। मगर इस दौरान युवती ने घर से भाग कर किसी अन्य युवक से शादी कर ली। जिससे आहत होकर रजत कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव बाग का माजरा करेड़ा खुर्द निवासी अशोक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का रजत कुमार उर्फ रिषभ कमानी चौक निवासी एक युवती से प्यार करता था। यह बात युवती के पिता संजीव उर्फ हैप्पी को भी पता थी।



यमुनानगर। युवक के फांसी लगाकर खुदकुशी मामले में कार्रवाई करती हुई पुलिस।

### प्रेमिका ने दूसरे युवक से की शादी

मगर इस दौरान युवती ने घर से भाग कर किसी दूसरे युवक से शादी कर ली। जब उसके लड़के रजत कुमार को इस बारे में पता चला तो वह परेशान रहने लगा। इस दौरान रजत कुमार ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जब उसे रजत कुमार द्वारा फांसी लेने की बात पता चली तो वह मौके पर पहुंचा।

उसने अन्य लोगों की सहायता से अपने लड़के रजत कुमार को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसने आरोप लगाया कि युवती व उसके पिता संजीव उर्फ हैप्पी ने उसके बेटे रजत कुमार को आत्महत्या के लिए उकसाया है। जिस कारण उसके लड़के ने फांसी लेकर खुदकुशी की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। बाद में पुलिस ने आरोपी युवती और उसके पिता संजीव उर्फ हैप्पी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। फिलहाल गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

## चोरों ने दुकान में घुसकर गल्ले से नकदी व तांबे- पीतल के बर्तन चुराए

**यमुनानगर।** शहर जगाधरी के मैन बाजार में चोरों ने बर्तन की दुकान में घुसकर गल्ले से चार हजार रुपए तथा तांबे व पीतल के बर्तन चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरगोधा कॉलोनी निवासी मुकेश कुमार ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी जगाधरी के मुख्य बाजार में सुंदर पूरी वाले के नजदीक बर्तन की दुकान है। 16 मार्च को वह दुकान बंद करके किसी काम से गया था। जब वह वापस लौटा तो दुकान खुली मिली। अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दुकान से गल्ले में रखे चार हजार रुपए तथा पीतल व तांबे के कीमती बर्तन गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



### महिलाओं के लिए आत्मनिर्भर और सतर्क रहना बेहद जरुरी : नीलम

**रादौर।** ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज में आत्मविश्वासन व आत्मसम्मान निर्माण, आत्म संदेह को पार करना विषय पर एक प्रेरणादायक गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसमें यमुनानगर महिला थाना की एएसआई नीलम ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। गेस्ट लेक्चर में छात्राओं को आत्म सुरक्षा के लिए जागरूक किया। एएसआई नीलम ने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर व सतर्क रहना चाहिए। विभिन्न तरीकों से छात्राओं को अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपाय बताए। अवैध गतिविधियों से बचने के लिए पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 व एप 112 का प्रयोग करके व ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम के इस्तेमाल करने से महिलाएं अपनी जर्नी को रजिस्टर करके अपनी सुरक्षा को मजबूत बना सकती हैं। जिससे आसपास के संदिग्ध व्यक्तियों से सतर्क रहने में मदद मिलती है। आसपास की विभिन्न घटनाओं से सबको अवगत कराया। जिनको उन्होंने स्वयं हैंडल किया है। मुख्य वक्ता नीलम ने साइबर अपराध के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां सांझा की। छात्राओं को इस समय केवल अपने करियर में सफलता पर फोकस करना चाहिए ना कि सोशल मीडिया के माया जाल में फंसना चाहिए। अनजाने नंबरों से फ्रेंड रिक्वेस्ट को हमेशा नजरअंदाज करें। छात्राओं को अपने घर में रह रहे छोटे बच्चों एवं महिलाओं के खिलाफ हिंसा व उत्पीड़न के मामलों में पुलिस से सहयोग करने की अपील की। मौके पर छात्राओं ने एएसआई नीलम वादा किया कि वे हमेशा अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहेंगे। संस्थान की वाइस चेयरपर्सन इंदु जिंदल, फॉर्मेसी प्रिंसिपल डॉ. अश्विनी कुमार ढ़ींगरा, हरप्रीत कौर व फॉर्मेसी प्रभारी नेहा यादव ने एएसआई नीलम को शील्ड एवं उपहार भेंट स्वरुप प्रदान किए। तवलीन कौर ने मुख्यवक्ता एएसआई नीलम का धन्यवाद किया। वाइस चेयरपर्सन इंदु जिंदल ने कहा कि हमारा उद्देश्य यह है कि हमारे संस्थान के विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ें व समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन लाने में सक्षम हों।

# समाधान शिविर में शीघ्र निपटाएं शिकायतें

- जिला सचिवालय में डीसी ने की जनसमस्याओं की सुनवाई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला सचिवालय में मंगलवार को समस्या समाधान शिविर डीसी पार्थ गुप्ता की अध्यक्षता आयोजित किया। जिसमें अधिकांश समस्याओं का मौके पर निपटारा किया गया तथा शेष शिकायतों का संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

डीसी ने कहा कि समाधान शिविर में समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटारे का प्रयास किया जा रहा है। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित किया जा रहा है। आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से यमुनानगर में जिलास्तर प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। पंचायतों से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए उप मंडलस्तर पर तथा नगर निगम से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए नगर निगम कार्यालयों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। वीसी से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समाधान शिविरों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। ताकि समाधान शिविरों का लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी शिविर में आ रही लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान कर रहे हैं। जिलावासियों से अपनी समस्याओं को समाधान शिविर में आकर रखने और उनका त्वरित समाधान पाकर इसका लाभ उठाए जाने की अपील की। इस मौके पर एसपी राजीव देसवाल ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतें निपटाने के थाना प्रभारियों को निर्देश दिए। सीटीएम पीयूष गुप्ता व डीएसपी राजीव मिगलानी आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। सचिवालय में आयोजित शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते जिला उपायुक्त।

# मुख्यमंत्री ने हरियाणा सरकार के बजट में सभी के हितों का रखा ख्याल: नवीन जिंदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा गत सोमवार को विधानसभा में बतौर वित्त मंत्री पेश किए गए आम बजट की लोग सराहना करते हुए थक नहीं रहे हैं। मंगलवार को कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल व गुरुकुल कुरुक्षेत्र के वाइस चेयरमैन मास्टर सतपाल सिंह कांबोज ने आम बजट की सराहना की।

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा पेश किया गया बजट प्रत्येक वर्ग के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। बजट प्रस्तुत करते समय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी वर्गों का खास ध्यान रखा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा 2025-26 के लिए 205017 करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया है। जो पिछले वर्ष की तुलना में 13.70 प्रतिशत अधिक है। लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपये प्रदान करने की योजना भी जल्दी शुरू कर दी जाएगी। फसल अवशेष को आग लगने से बचाने के लिए तथा प्रदूषण नियंत्रण पर रोक लगाने की दिशा में पराली प्रबंधन के लिए प्रति एकड़ 1200 रुपये का प्रावधान किया गया है। वह स्वयं प्रयास कर रहे हैं कि प्रदेश के सभी स्कूल अंग्रेजी माध्यम से हों और सीबीएसई से संबंधित हों। स्वास्थ्य बजट बढ़ाकर 9579 करोड़ करने से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। गुरुकुल कुरुक्षेत्र के वाइस चेयरमैन एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मास्टर सतपाल सिंह कांबोज ने कहा कि बजट शानदार व कल्याणकारी साबित होगा। मुख्यमंत्री ने बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा है। बजट में प्रदेश की जनता पर कोई नया कर नहीं लगाया गया है।





# एनसीबी का उद्देश्य हरियाणा को नशा मुक्त बनाना है: डॉ. अशोक

- हरियाणा एनसीबी बकेट चैंलेज के तहत कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

नशा मुक्त एवं नायाब हरियाणा के अंतर्गत मंगलवार को एनसीबी के बकेट चैलेंज के तहत प्रयास फाउंडेशन के सहयोग से नशा मुक्त अभियान कार्यक्रम में लोगों को नशा जैसी बुराई से दूर रहने के लिए जागरुक किया गया। इस दौरान कार्यक्र में ब्यूरो के कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह और अधीक्षक मोहित हांडा व पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में यह अभियान जोरो से चलाया हुआ है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत मंगलवार को रादौर में प्रयास फाउंडेशन को साथ लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया और दर्जनों की संख्या में युवाओं को जोड़ा गया।

इस अभियान में सर्व प्रथम प्रयास फाउंडेशन के प्रधान त्रिलोचन सिंह व सतीश सोनी को बकेट चैलेंज के साथ जोड़ा गया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह इस अभियान के साथ जुड़कर गांव गांव जाकर लोगों को नशा जैसी बुराई से दूर रहने के लिए जागरुक करेंगे। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि हरियाणा एनसीबी का उद्देश्य प्रदेश को नशा मुक्त करना है। ब्यूरो का लक्ष्य न केवल अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजना है। लोगों से नशा से संबंधित कोई भी सूचना ब्यूरो के टोल फ्री नंबर व मानस पोर्टल पर दिए जाने की अपील की। नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन कार्यक्रम के अंतर्गत एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। जिसमें लोगों को नशा जैसी बुराई से दूर रहने को प्रेरित किया।



यमुनानगर। नशा के खिलाफ जागरुकता रैली में लोगों को समझाते हुए।

## संजय गांधी मेमोरियल स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित

# पंजाबी भांगड़े पर लूटी दर्शकों की खूब वाहवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल हरनौल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद भगत सिंह मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रणधीर चौधरी ने मुख्यातिथि के रूप में दीप प्रज्जवलित करके किया। वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया।

वार्षिक उत्सव का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके बाद बच्चों ने नृत्य कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद स्कूल के बच्चों ने पंजाबी भांगड़ा करके दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। वहीं, कई बच्चों ने अपनी कविताओं के माध्यम से दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। हरियाणवी नृत्य की दर्शकों ने खूब सराहना की।

इस दौरान बच्चों ने महारानी लक्ष्मीबाई , शहीद भगत सिंह पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर सभी को देश भक्ति के जज्बे से भर दिया। वहीं, विद्यार्थियों ने शिव तांडव प्रस्तुत कर वातावरण को शिवमय बना दिया। मौके पर मुख्यातिति रणधीर सिंह चौधरी ने उनकी प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसे मंचो पर जहां अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। वहीं, वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर आत्मविश्वास से भर जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर स्कूल की उपलब्धियों के बारे में भी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले व मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसीपल सोनिया चानना, सुरेश चानना, प्रभजोत कौर, शरणप्रीत कौर, नवदीप सिंह बराड़, सतविंदर कौर, गुरदयाल सिंह, मोहित बालियान व रजविंदर कौर इत्यादि सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।






यमुनानगर। संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक उत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी व पुरस्कार प्राप्त करने के बाद खुशी मनाते मेधावी बच्चे।

**खबर संक्षेप**

## बजट हर वर्ग के लिए खुशियां लाया : गर्ग

**लाडवा।** भाजपा नेता पवन गर्ग ने हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा जारी बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बजट हर जनमानस की समस्या का हल है। यह बजट हर वर्ग के लिए खुशियां लेकर आया है। पवन ने हल्का



लाडवा के विधायक एवं हरियाणा प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की दूरगामी एवं सकारात्मक सोच को नमन करते हुए बजट से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातों को बताया और कहा की यह बजट प्रदेश के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा।

## केयू ने घोषित किए 14 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 14 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित बीबीए प्रथम, तृतीय व पांचवें सेमेस्टर, एम.टेक (सीएसई) तीसरे सेमेस्टर सीबीसीएस/नॉन सीबीसीएस, बीए एवं बीएससी पांचवें सेमेस्टर सीबीसीएस रिअपीयर तथा दिसम्बर 2023 में आयोजित बीसीए तृतीय सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया है।

## संयुक्त किसान मोर्चा 20 को करेगा प्रदर्शन : प्रताप

**कुरुक्षेत्र।** अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिला प्रधान प्रताप सिंह ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा 20 मार्च को कुरुक्षेत्र में सीएम आवास पर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा गेहूं की फसल पर 1000 रुपए बोनस देने, नहरों में पानी छोड़ने, पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों का मुआवजे देने, सरसों की खरीद जल्द शुरू करने की मांगो को लेकर यह प्रदर्शन करेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से किसानों के हरियाणा के लंबित मुद्दों के समाधान के लिए किसान आंदोलनकारियों से बात करने की मांग की है।

## कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** यूएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता मदन गोपाल जिंदल ने कहा कि बिजली संबंधी उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निवारण के लिए एससी आप्रेशन स्र्कल के चेयरमैन की अध्यक्षता में उपभोक्ता फोरम की एक बैठक 19 मार्च को होगी। उन्होंने जारी एक प्रेस विज्ञिप्त में कहा कि उपभोक्ता शिकायत फोरम की बैठक सेक्टर 88 विद्युत सदन में 19 मार्च को सुबह 10 बजे से लेकर सायं 2 बजे तक होगी। इस बैठक में बिजली सम्बन्धित वह समस्याएं सुनी जाएगी, जिनका एसडीओ सहित स्थानीय अधिकारियों से मिलने उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो रहा है। ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते है।

### कुवि में आंतरिक शिकायत कमेटी ने एक दिवसीय कार्यशाला की आयोजित

# प्राचीन काल से ही भारत में नारी का सम्मान रहा है : प्रो. सोमनाथ सचदेवा

- यौन उत्पीड़न को रोकना और उसका समाधान कार्यक्रम का रहा मुख्य उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि भारत देश में प्राचीन काल से ही सांस्कृतिक तौर पर नारी का बहुत सम्मान रहा है। हमारी इकलौती ऐसी संस्कृति है जहां पर नारी भगवान की वास्तविकता है। वे मंगलवार को कुवि की आंतरिक शिकायत कमेटी द्वारा सीनेट हॉल में उच्च शिक्षा संस्थानों में यौन उत्पीड़न को रोकना और उसका समाधान करना विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। इससे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है जहां महिलाओं की भागीदारी न हो। कृषि क्षेत्र से लेकर विज्ञान तक ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है जहां पर हमारी महिलाओं ने अपनी सफलता के कीर्तिमान न स्थापित किए हों। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि नारी के लिए सुरक्षित माहौल हम शासन (सरकार) की सोच से, प्रशासन (डीसी/एसपी/वीसी) के खौफ से व समाज के सहयोग से बना सकते हैं। समाज का सहयोग सबसे आवश्यक है। गरीब, युवा, अन्नतदाता व नारी शक्ति पर ध्यान केन्द्रित कर हम 2047 के विकसित भारत के स्वप्न को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने सभी के लिए एक सुरक्षित, समावेशी और सम्मानजनक शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय की अटूट प्रतिबद्धता पर जोर दिया। जागरूकता, संवेदनशीलता और सक्रिय उपायों की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए, उन्होंने संकाय, छात्रों और कर्मचारियों से उत्पीड़न के प्रति शून्य सहिष्णुता की संस्कृति को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उन्होंने गरिमा और न्याय को बनाए रखने के लिए विश्वविद्यालय के समर्पण की पुष्टि की, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक व्यक्ति संस्थान के भीतर सुरक्षित और सशक्त महसूस करता है। लिंग अंतर के आंकड़ों का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि लिंग अंतर सूचकांक में भारत की स्थिति अभी भी बहुत अच्छी नहीं है। जिसके लिए हमें प्रयास करने होंगे।



**कुरुक्षेत्र।** कार्यशाला को संबोधित करते कुलपति प्रो . सोमनाथ सचदेवा।

### विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित

*उद्घाटन सत्र के बाद पहला तकनीकी सत्र हुआ, प्रो. आशिमा गक्खड़, प्रिंसिपल, दयाल सिंह कॉलेज और प्रो. नीलम रानी, वाणिज्य विभाग केयूके सत्र के रिसोर्स पर्सन थे। प्रो. प्रीति जैन, डीन लॉ फैकल्टी और निदेशक यूजीसी-एचआरडीसी और प्रो. अनीता दुआ, निदेशक डब्ल्यूएसआरसी, केयूके और सदस्य आईसीसी ने सत्र की अध्यक्षता की। दूसरे सत्र में प्रो. मंजूला चौधरी, निदेशक, सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन, केयूके सम्मानित वक्ता थे। डॉ. सुषमा शर्मा, सदस्य आईसीसी और प्रो. कुसुम लता, चीफ वार्डन, केयूके ने सत्र की अध्यक्षता की। समापन सत्र में प्रो. लवलीन मोहन, रजिस्ट्रार, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद ने समापन भाषण प्रस्तुत किया। समग्र धन्यवाद डॉ. रमेश कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग और इस एक दिवसीय कार्यशाला के आयोजन सचिव द्वारा प्रस्तुत किया गया।*

### महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति पूर्णतया सजग हों: प्रो. दीप्ति धमार्णी

कार्यशाला की मुख्य अतिथि चौधरी बंसी लाल यूनिवर्सिटी भिवानी की कुलपति प्रो. दीप्ति धमार्णी ने इस तरह की प्रभावशाली जागरूकता पहल के आयोजन के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति पूर्णतया सजग हों और इनका सद्धुपयोग करें। महिलाएं अपनी शक्तियों को पहचाने और इसका सद्धुपयोग कर समाज को बिखराव से समेटें। वर्तमान युग में पुरुषों और महिलाओं दोनों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने हमारे अधिकारों, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समझने और उनमें संतुलन बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केवल इस जागरूकता और जिम्मेदारी के माध्यम से ही यौन शोषण और लैंगिक भेदभाव से संबंधित मुद्दों को प्रभावी ढंग से संबोधित किया जा सकता है।

### कानूनी ढांचे पर दिया जोर

उन्होंने यह भी बताया कि सुरक्षा के लिए सहानुभूति आवश्यक है। कार्यशाला की मुख्य वक्ता, दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो. वागेश्वरी देसवाल ने उच्च शिक्षा संस्थानों में यौन उत्पीड़न को रोकने और उससे निपटने के लिए कानूनी ढांचे पर जोर दिया। उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 जैसे विभिन्न कानूनों के प्रमुख प्रावधानों पर चर्चा की और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने में संस्थानों की भूमिका और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने पीड़ितों के लिए जवाबदेही और समर्थन की संस्कृति बनाने के लिए आंतरिक शिकायत समितियों (आईसीसी), जागरूकता कार्यक्रमों और नीति प्रवर्तन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि उत्पीड़न और भेदभाव से मुक्त परिसर को बढ़ावा देने के लिए छात्रों, शिक्षकों और प्रशासन की ओर से सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने संगठन और असंगठित क्षेत्र में कानून एवं पॉश एक्ट के बारे में भी बात की। इस मौके पर प्रो. प्रीति जैन, प्रो. सुनीता सिरोहा, प्रो. अनीता दुआ, प्रो. कुसुम लता, डॉ. आशिमा गक्खड़, डॉ. सुषमा शर्मा, और प्रो. अनीता भटनागर, डीन लॉ संकाय, प्रो. निर्मला चौधरी, डॉ. सुशीला चौहान, डॉ. नीलम रानी, डॉ. दीपक शर्मा, डॉ. शालू, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**अतिक्रमण हटाओ अभियान**

## पवित्र सरस्वती नदी के किनारे से हटवाई मीट की दुकानें : धुमन सिंह



- गांव बिशनगढ़ व धक्का बस्ती के आस-पास नदी के किनारें की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि कुरुक्षेत्र की धरा से बहने वाली पवित्र सरस्वती नदी के किनारें प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण को हटाया गया। इस अतिक्रमण हटाओं अभियान के दौरान गांव बिशनगढ़ व धक्का बस्ती के आस-पास नदी के किनारें 6 से 7 मीट की दुकानों को हटाया गया है। बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच मंगलवार को सरस्वती नदी के किनारे अतिक्रमण हटाओं अभियान के दौरान अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश देने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले सिंचाई विभाग के उपमंडल अधिकारी सोमनाथ के नेतृत्व में गठित टीम ने पुलिस बल के साथ दुकानों को हटाने का काम किया। यह अतिक्रमण हटाओं अभियान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। इस अतिक्रमण को हटाने के लिए उपायुक्त नेहा सिंह द्वारा आदेश दिए गए थे और बकायदा एसडीओ सोमनाथ को डयूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया था। उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि बोर्ड की तरफ से सरस्वती नदी के किनारे स्वच्छता के साथ-साथ विकास कार्य को लेकर बड़ा प्रोजैक्ट शुरू किया है।

## हरियाणा बजट झूठे वादों का पुलिंदा : डॉ. जसविंदर

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सरकार का यह बजट पूरी तरह से दिशाहीन और दिखावटी वादों से भरा हुआ है। मुख्यमंत्री ने बड़ी-बड़ी घोषणाएँ की हैं, लेकिन इनकी



जमीनी सच्चाई कुछ और ही है। युवा नेता डॉ. जसविंदर खैहरा ने बजट की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि यह आम जनता की परेशानियों को नजरअंदाज करने वाला दस्तावेज है, जिसमें केवल आंकड़ों की बाजीगरी की गई है। हरियाणा के किसान लगातार संकट में हैं, लेकिन सरकार ने उनके लिए कुछ भी ठोस नहीं किया। एमएसपी की गारंटी पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, फसल बीमा योजना में किसानों को कोई वास्तविक फायदा नहीं मिल रहा, और न ही सिंचाई के लिए कोई नई योजना लाई गई। सरकार ने बस आंकड़ों का खेल दिखाकर किसानों को भ्रमित करने की कोशिश की है।

## सनातन संस्कृति का गौरव है नवसम्वत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- गीता मनीषी की अध्यक्षता में नगर की प्रमुख संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित

सनातन संस्कृति के गौरव नवसम्वत के अवसर पर 30 मार्च को श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा ब्रह्मसरोवर के मध्य पुरुषोत्तम पुरा में नगर की प्रमुख संस्थाओं के सहयोग से नवसम्वत अभिनंदन समारोह गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी के सानिध्य में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम को नगर की प्रमुख सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक और व्यापारिक संस्थाएं संयुक्त रूप से मिलकर मनाएंगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज गीता ज्ञान संस्थानम में गीता मनीषी की अध्यक्षता में नगर की प्रमुख संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ-साथ नगर के प्रतिष्ठित गणमान्य लोगों तथा अनेक नवनिर्वाचित पार्षदों ने भी भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी संस्थाएं नवसम्वत अभिनंदन समारोह में सहयोग देगी। नगर के प्रमुख चौराहों को सजाया जाएगा। नवसम्वत अभिनंदन समारोह को भव्य तरीके से आयोजित करने में सभी संस्थाओं ने सहयोग करने का आश्वासन दिया। नगर को धर्म ध्वजा तथा तोरण द्वारों से दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। इस कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार की जिम्मेवारी संस्थाओं ने संभाली है।



**कुरुक्षेत्र।** नवसम्वत अभिनंदन समारोह की तैयारियों को लेकर संस्थाओं के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज।



## तजिंद्र सिंह के अनुभव का पार्टी को मिलेगा लाभ : अनिल वर्मा

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्षों के क्रम में कुरुक्षेत्र को तजिंद्र सिंह गोल्डी के रूप में नया जिला अध्यक्ष मिला है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष तजिंद्र सिंह गोल्डी को पुष्प -गुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए भाजपा कला व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने कहा कि उनको उम्मीद है कि भाजपा के विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके तजिंद्र सिंह के अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा और संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी।

## प्रदेश के व्यापारी वर्ग को मिलेगा प्रदेशव्यापी एक मुश्त व्यवस्थापन योजना का लाभ: प्रताप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- सीएम सैनी 23 मार्च को कुरुक्षेत्र से करेंगे आबकारी एवं कराधान विभाग की एक मुश्त व्यवस्थापन योजना का शुभारंभ

हरियाणा आबकारी एवं कराधान विभाग के आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश के व्यापारी वर्ग को अब प्रदेशव्यापी एक मुश्त व्यवस्थापन योजना का लाभ मिलेगा। इस योजना का शुभारंभ कुरुक्षेत्र की धरा से किया जा रहा है। इस योजना का शुभारंभ 23 मार्च को दोपहर 12 बजे हरियाणा कला परिषद के सभागार से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बार एसोसिएशन, चार्टड एकाउंटेंट और प्रदेश के व्यापारी वर्ग के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद भी करेंगे।



इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है ताकि समय रहते सभी तैयारियां पूरी हो सके। हरियाणा आबकारी एवं कराधान विभाग के आयुक्त विनय प्रताप सिंह मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में 23 मार्च आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशाासन व विभाग के अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

## बजट में जनता की भावनाओं का किया सम्मान : सुभाष कलसाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

नायब सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए शाहाबाद मा. से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ चुके मास्टर सुभाष कलसाना ने बजट की जमकर सराहना की है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री के रूप में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रस्तुत किए गया बजट एक नये विजन के साथ विकास की अवधारणा को धरातल पर उतारने को सम्बल प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट सभी वर्गो के उत्थान के साथ गरीबों, किसानों, महिलाओं व युवाओं के सुन्दर भविष्य की रुपरेखा भी तय करेगा। कलसाना ने बजट में महिलाओं की आर्थिक सहायता के लिए 5 हजार करोड़ के प्रावधान करने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होने कहा कि यह हरियाणा की खुशहाली का बजट है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री के रूप में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 2 लाख 5 हजार 17 करोड़ रुपये का बजट सदन में पेश किया।



## अवैध कॉलोनी में निर्माण को किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार लाडवा में राजस्व संपदा लाडवा में 1.80 एकड़ में एक अवैध कॉलोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने कहा कि राजस्व संपदा लाडवा में लगभग 1.80 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने राजस्व संपदा लाडवा में लगभग 1.80 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी में कच्ची सडकों, डीपीसी व कंट्रोल एरिया में एक अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा लाडवा में लगभग 1.80 एकड़ में एक अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे।



## गुरु रविदास जन्म स्थान वाराणसी दर्शनों के लिए दसवीं बस यात्रा रवाना

**कुरुक्षेत्र।** अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन ब्लॉक इस्माईलाबाद के तत्वाधान में दसवीं यात्रा मंगलवार को श्रीगुरु रविदास मंदिर इस्माईलाबाद से



चल कर 2 बजे पिपली में पहुंची, जहां डॉ जरनैल सिंह रंगा, वीरेंद्र रॉय ने संगत का जोरदार स्वागत किया। तीर्थ यात्रा के प्रबंधक धर्मपाल भोला और निर्मल सुढपुर ने संयुक्त रूप से बताया कि यह यात्रा 18 मार्च से शुरू होकर आगरा,गुरु रविदास जन्मस्थान सिरगोवर्धनपुर बनारस(यूपी), स्वामी समनदास आश्रम शुक्रताल व अन्य तीर्थ स्थानों से होती हुई 23 मार्च को वापस इस्माईलाबाद पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि वह दस वर्षों से निरंतर यात्रा लेकर जा रहे है। इसके अलावा पंजाब में पंडवा और चिहेड़ू फगवाड़ा, बल्लां जी जालंधर, पठानकोट, खुरालगढ़ भी हर वर्ष यात्रा लेकर जाते है। इस यात्रा में सभी श्रद्धालुओं की भोजन और रात्रि ठहराव की व्यवस्था की जाती है। यात्रा पर जा रहे कमल कुमार ने बताया कि उन्हें बहुत भाग्यशाली हूं और मझे खुशी है कि वे सतगुरु रविदास महाराज जी के जन्मस्थान सीर गोवर्धनपुर में जाकर दर्शन करेंगे जहां सतगुरु जी ने जन्म लिया था।



## सरस्वती नदी को पुर्नजीवित करने के लिए सरकार ने बनाया विशेष सार्वजनिक ट्रस्ट : सुभाष सुधा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि सरस्वती नदी के साथ-साथ राखीगढ़ी सभ्यता को पुर्नजीवित करने के लिए हरियाणा सप्त सिंधु सरस्वती साहित्य कला एवं संस्कृति के नाम से एक सार्वजनिक ट्रस्ट बनाया गया है। इसके लिए बकायदा बजट का भी प्रावधान किया गया है। इस परियोजना से कुरुक्षेत्र के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और सरस्वती नदी का भव्य स्वरूप भी देखने को मिलेगा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि सरस्वती नदी और राखीगढ़ी सभ्यता हमारी विशाल सांस्कृतिक व ऐतिहासिक धरोहर है। इसको पुर्नजीवित करने के लिए हरियाणा सप्त सिन्धु सरस्वती साहित्य, कला व संस्कृति के नाम से एक सार्वजनिक ट्रस्ट बनाया जाएगा। इसके लिए वित्त वर्ष 2025-26 में 25 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया जाएगा। इस बजट में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग को वर्ष 2025-26 में 262.31 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र से करीब 40 किलोमीटर दूर अम्बाला में राष्ट्रीय राजमार्ग पर 538 करोड़ रुपए की लागत से निमार्णाधीन आजादी की पहली लड़ाई का शहीदी स्मारक का कार्य वित्त वर्ष 2025-26 में पूरा करके इसका लोकार्पण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अन्तर्गत कुरुक्षेत्र से भी कम आय वाले परिवारों के बुजुर्गों को अयोध्या तीर्थ के दर्शन और प्रयागराज के महाकुम्भ में संगम स्नान करवाया गया।

**कार्यक्रम** थानेसर नगरपरिषद की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा के नेतृत्व में 5100 महिलाएं हुई शामिल

# 1008 कुंडीय जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर निकाली कलश यात्रा

राज्यमंत्री ने 1008 कुंडीय महायज्ञ सभी से आहुति डालने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में यज्ञ सम्राट स्वामी हरिओम जी महाराज के सान्निध्य में 18 से 27 मार्च तक 1008 कुण्डीय जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ की शुरूआत भव्य कलश यात्रा से की गई। कलश यात्रा ब्रह्मसरोवर के पुरुषोतमपुरा बाग से आरंभ हुई। कलश यात्रा का हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। कलश यात्रा में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी व थानेसर नगरपरिषद की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा के नेतृत्व में 5100 महिलाएं शामिल हुई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली व पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, थानेसर नगर परिषद की चेयरपर्सन माफी ढांडा, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष साहिल सुधा, सुगंधा सुधा विशेष तौर पर मौजूद रहे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली ने कहा कि 1008 कुण्डीय जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन कुरुक्षेत्र की पावन पवित्र भूमि किया जा रहा है। इसमें सभी मां शक्ति की अराधना करेंगे और विश्व शांति की कामना करेंगे। बजट बारे मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार का तीसरी बार का यह पहला बजट है जोकि नायब बजट है। इसमें सभी वर्गो का ध्यान रखा गया है। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि यज्ञ सम्राट स्वामी हरिओम जी महाराज के मार्गदर्शन में 1008 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे भी इस 1008 कुंडीय महायज्ञ में शामिल होकर अपनी-अपनी आहुति डाले और विश्व की उन्नति की कामना करे।



**कुरुक्षेत्र।** कलश यात्रा में शामिल हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी व अन्य महिलाएं।

### 26 मार्च को केशव पार्क में धर्म संसद का किया जाएगा आयोजन

*महायज्ञ कार्यक्रम में व्यवस्था कार्य संभाल रहे हरीश शर्मा ने बताया कि 102वा जनकल्याण 1008 कुंडीय शिव शक्ति महायज्ञ 18 से 27 मार्च तक केशव पार्क कुरुक्षेत्र में आयोजित होने जा रहा है। इस महायज्ञ में मंगलवार सुबह ब्रह्म सरोवर से कलश यात्रा आरंभ हुई जो बिरला मंदिर, मुख्य बाजार, अंबेडकर चौक होते हुए केशव पार्क पहुंची। शाम को केशव पार्क में स्थापित यज्ञशाला में शाम अग्नि मंथन किया गया। उन्होंने बताया कि 19 से 26 मार्च तक सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन शाम 3 बजे से 5 बजे तक पूर्व डीजीपी आरसी मिश्रा द्वारा श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में 18 से 27 मार्च तक प्रतिदिन रात्रि 7:30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक दिव्या महा आरती जगतगुरु द्वारा की जाएगी। 26 मार्च को केशव पार्क में धर्म संसद का आयोजन किया जाएगा। शाम 5 से 7:30 बजे तक आयोजित होने वाली धर्म संसद में देश भर के असंख्य संत, महापुरुष हिस्सा लेंगे। 27 मार्च को यज्ञ एवं पूर्ण आहुति के साथ महायज्ञ संपन्न होगा। गौरतलब है कि यज्ञ सम्राट हरिओम जी महाराज देशभर के 24 राज्यों में अब तक 101 महायज्ञ कर चुके हैं, इनका संकल्प भारतवर्ष 108 महायज्ञ करने का है। कुरुक्षेत्र में आयोजित महायज्ञ 102वाँ महायज्ञ होगा जिसको लेकर देश भर के धर्मप्रेमियों में भारी उत्साह है। इस महायज्ञ में संपूर्ण भारतवर्ष से संत महात्मा, ऋषि, महंत, ब्राह्मण, सनातनी भक्तजन शामिल होंगे। इस महायज्ञ से पूरे विश्व में सनातन और शांति का संदेश जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### समाधान शिविर प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित

**नारायणगढ़।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर 20 मार्च को एसडीएम कांप्लेक्स के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनेंगे। एसडीएम शाश्वत सांगवान ने बताया कि समाधान शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगा जिसमें कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या रख सकता है।

### समाधान शिविर में चार फरियादी पहुंचे

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 से 12 बजे तक लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को आयोजित समाधान शिविर में बीडीपीओ जोगेश कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनी। विभिन्न विभागों से सम्बंधित 4 समस्याएं आई।

### बजट में हर वर्ग के हितों का ख्याल: सारवान

**बराड़ा।** पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा पेश किया गया बजट हर वर्ग के लिए लाभकारी है। उन्होंने कहा कि इस बजट में महिलाओं, किसानों, युवाओं और पशुपालकों सहित सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखा गया है। सारवान ने बताया कि भाजपा सरकार की 'लाडो लक्ष्मी योजना' से महिलाओं के आत्मसम्मान में बढ़ोतरी होगी। इस योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे।

### बराड़ा ट्रेक्टर-ट्रॉली व जेसीबी की जब्त

**बराड़ा।** अवैध खनन पर नकेल कसने के दृष्टिगत खनन विभाग, इंफोर्समेंट टीम व जिला पुलिस सहित अन्य विभागों की टीमें पूरी तत्परता के साथ कार्य करते हुए ध खनन की गतिविधियों में जो भी संलिप्तता पाई जाती है उसके खिलाफ नियमानुसार तुरंत कार्रवाई अमल में ला रही है। इसी कड़ी में डीएसपी इंफोर्समेंट की अध्यक्षता में हरड़ा के साथ लगती मारकंडा नदी से अवैध खनन करती एक जेसीबी मशीन तथा एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त करने का काम किया गया हैं।

### सीएससी सेंटर करें आवेदन चेक

**अंबाला।** जिला कल्याण अधिकारी अनु बंसल ने बताया कि जिले के डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्र योजना वर्ष 2024-25 के छात्र जिन्होंने 1 अगस्त 2024 से 28 फरवरी 2025 तक saral-haryana.gov.in के माध्यम से छात्रवृति के लिए आवेदन किए थे उनमें से जिन छात्रों के आवेदनों को सैंड बैंक किया गया है।

### संरक्षित विरासत स्थलों पर आयोजित होगी प्रदर्शनी

**अंबाला।** अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज में पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, चंडीगढ और इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 20 मार्च, 2025 को प्रातः10 बजे हरियाणा राज्य के संरक्षित विरासत स्थलों से संबंधित एक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नागरिकों के मध्य अपने विरासत स्थलों के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता पैदा करना है।

### अवैध कॉलोनी में निर्माण ढहाए

**अंबाला।** जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया अंबाला छावनी के गांव बोह में लगभग 2 एकड़ अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में बने सडक्रों के जाल को पूर्णतया धवस्त कर दिया गया। मौके पर जिला नगर योजनाकार - रोहित चौहान (ड्यूटी मजिस्ट्रेट) तथा रविंद्र कुमार (क्षेत्रानवेशक) के साथ भारी पुलिस दल के साथ उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री असीम ने जो ठाना उसे कर दिखाया

**अंबाला।** शहर के लिए बजट में आईएमटी की हुई घोषणा को लेकर डिप्टी मेयर राजेश ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा इसका श्रेय पूर्व मंत्री असीम गोयल को जाता है। जिन्होंने इस मांग को प्रमुखता के साथ उठाया और इलाके का भला सोचा। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने इसके लिए भरसक प्रयास किए।

---

### ब्रह्माकुमारीज शांतिधाम की ओर से वशिष्ठ नगर में कार्यक्रम आयोजित

# अपने दिमाग में आइस फैक्ट्री खोलें अर्थात दिमाग को ठंडा रखें और मुख में शुगर फैक्ट्री खोलें अर्थात जुबान को मीठा रखें

## दिल में लव फैक्ट्री खोलें अर्थात दिल में सबके प्रति प्रेम की भावना रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ब्रह्माकुमारीज़ शांतिधाम दयाल बाग द्वारा वशिष्ट नगर में शांत मन खुशनुमः जीवन विषय पर बहुत सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने इस विषय पर बताते हुए कहा की आप अपने दिमाग में आइस फैक्ट्री खोलें अर्थात दिमाग को ठंडा रखें। मुख में शुगर फैक्ट्री खोलें अर्थात जबान को मीठा रखें। दिल में लव फैक्ट्री खोल अर्थात दिल में सबके प्रति प्रेम की भावना रखें।

आगे उन्होंने कहा कि अध्यात्म भी मनुष्यों को शांति और सुरक्षा प्रदान करता है। हम केवल बाहरी सुरक्षा की बात नहीं करते लेकिन आत्मा के जो शत्रु है, काम, क्रोध, लोभ, मोह, अंहकार, आलस, बदले की भावना इन सबको भी खत्म करने की विधि बताते कहा, मेडिटेशन इसकी सबसे सुंदर विधि है। हम कितने भी बिजी हो लेकिन अपने मन को इजी रख सकते हैं। मेडिटेशन में भी हम सीखते है कि कैसे कर्म करते हुए कुछ पल परमात्मा की स्मृति में रहने का अभ्यास करें।

**खास बातें**

- काम, क्रोध, लोभ, मोह, अंहकार, आलस, बदले की भावना इन सबको भी खत्म करने की विधि बताते कहा, मेडिटेशन इसकी सबसे सुंदर विधि



कार्यक्रम के दौरान मंचासीन बीके बहनें।

**दिव्यता की अनुभूति**

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने कहा कि हमारे जीवन के चार मुख्य आधार हैं, तन मन धन और हमारे संबंध। इन चारों को स्वस्थ, साफ, जिम्मेवार, ईमानदार रखना बहुत आवश्यक है इसलिए हम सभी को कुछ समय निकाल करके खुली हवा में सैर भी करना चाहिए। समय पर भोजन भी करना चाहिए। हमें अपनी दिनचर्या ऐसी बनानी है जिसमें इन चारों आधारों पर हम बराबर अटेंशन दे सके। धन भी कमाए लेकिन साथ-साथ परिवार को भी खुश रखें साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि तनाव से मुक्त होने का एक फार्मूला है जितनी हमारी आंतरिक शक्ति बढ़ती है, उतना ही हमें दिव्यता की अनुभूति होती है।

**ये मौजूद रहे**

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुमन दीदी ने कहा की दुनिया में केवल एक परमात्मा ही है जो हमारी मदद के लिए किसी भी समय और किसी भी स्थान पर तुरंत ही पहुंच सकता है। वो सर्वशक्तिमान है। सीनियर एडवोकेट कमलेश गुप्ता ने कहा कि भगवान इस धरा पर आ चुके हैं जो उसकी पहचान कर अपना मन बुद्धि उसमें लगाएगा वह 21 जन्मों के लिए अपना भाग्य सर्व श्रेष्ठ बना लेगा। इस दौरान शिव ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में बीके ब्रहमदत्त, बीके सुदेश, बीके सुरिंदरा, बीके अमरजीत व अन्य जन उपस्थित रहे। मीना माता ने मंच संचालन किया।

---

### सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाएं करेंगी संचालन

# दस रुपये में मिलेगा शुद्ध भोजन, अटल किसान-मजदूर कैंटीन का किया शुभारंभ

अनाजमंडी में कैंटीन का संचालन होने से किसान, मजदूर व दूसरे लोगों को मिलेगा सस्ता व शुद्ध भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

अनाज मंडी में मंगलवार को अटल किसान मजूदर कैंटीन का शुभारंभ पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी द्वारा किया गया। यह कैंटीन हरियाणा राज्य कृषि विपण मण्डल के सहयोग से खोली गई है। इस कैंटीन में 10 रुपए में शुद्ध खाना मिलेगा।

कैंटीन का संचालन महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा 15 रूपये की सब्सिडी दी जाएगी। डॉ. पवन सैनी ने कैंटीन का संचालन करने वाली सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिला सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा तैयार किए गए खाने को चख कर भी देखा। पूर्व विधायक ने कहा कि इससे मंडी में अपनी फसल लेकर आने वाले किसानों, मजदूरों तथा आढतियों सहित अन्य लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सीजन के दौरान जब किसान अपनी उपज बेचने मंडी में आते हैं तो कई बार उन्हें काफी देर तक रूकना पड़ता है। ऐसे में उनके सामने खाने की समस्या आ जाती है। यह कैंटीन खुलने से उन्हें मात्र 10 रूपये में भरपेट भोजन मिल पाएगा। मंडी से बाहर जाने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी।

सैनी ने कहा कि लाडवा में तो उन्होने पहले ही इस प्रकार की कैंटीन खुलवाई हुई है जिसका लाभ किसानों, मजदूरों तथा आढतियों के अलावा अन्य लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों व मजदूरों के लिए लगातार काम कर रही है।




अंबाला। कैंटीन के शुभारंभ अवसर पर सेल्फ हेल्प ग्रुप की मुलाकात करते पूर्व विधायक पवन सैनी। फोटो : हरिभूमि

**एक सप्ताह की ट्रेनिंग दिलवाई**

मार्केट कमेटी के सचिव अखिलेश शर्मा ने बताया कि इस कैंटीन के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर कमेटी द्वारा उपलब्ध करवाया गया है। कैंटीन के खुलने से किसानों, आढतियों, मजदूरों तथा अन्य लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि अटल किसान मजूदर कैंटीन सुचारू रूप से चले इसके लिए कमेटी द्वारा सुविधाएं तथा व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक कैंटीन में खाना मिलेगा। कैंटीन में खाना खाने के लिए व्यक्ति को पहले 10 रूपये देकर टोकन लेना होगा। ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर गुलशन कुमार ने बताया कि अटल किसान मजदूर कैंटीन का संचालन संगम और सवेरा कलस्टर से जुड़ी सेल्फ हेल्प ग्रुप की 6 महिला सदस्य सीमा, कमलेश, आंचल, मिथलेश, रानी तथा पूजा द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कैंटीन का संचालन करने वाली महिलाओं ने पहले इन्स्टीयूट ऑफ होटल मैजेमेंट भंभोली (यमुनानगर) से एक सप्ताह की ट्रेनिग दिलवाई गई है।

**अटल कैंटीन खुलने से आय में वृद्धि होगी**


अटल कैंटीन में खाना तैयार करने वाली सेल्फ हेल्प ग्रुप की सदस्य सीमा, कमलेश, आंचल, मिथलेश, रानी तथा पूजा ने खुशी व्यक्त करते हुए सरकार का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि अटल कैंटीन खुलने से उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि उनका सदैव प्रयास रहेगा कि यहां खाना पूरी तरह से शुद्ध तरीके से तैयार हो स्वादिष्ट हो। उन्होंने अटल किसान मजूदर कैंटीन खोलने पर सीएम नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान योगेंद्र मोहन शर्मा ने अटल कैंटीन खोलने का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार का यह कदम सराहनीय है। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पंकज सैनी, मारकंडा मंडल प्रधान धर्मवीर चाणसौली, राकेश बिंदल, आढती मदन चानना, ओपी चानना, देवेंद्र सैनी, अश्वनी अग्रवाल, संदीप चौधरी, हरपाल सिंह, राजीव सैनी तथा भाजपा नेता नीटू खानपुर, रामबीर प्रजापत, पम्मी जटवाड व नपा सदस्य जशन भी मौजूद रहे।

---

## कबीर नगर में सात लाख की लागत से बनेगी सड़क

- महिला मोर्चा की महामंत्री अंजली ने नारियल फोड़कर किया शुभारंभ

**अंबाला।** परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के निर्देश पर मंगलवार को वार्ड नंबर 9 के कबीर नगर में 7 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स की सड़क व नाली के कार्य का शुभारंभ महेश नगर मंडल महिला मोर्चा की महामंत्री अंजली वर्मा ने नारियल फोड़ कर किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व सदस्य जसबीर सिंह जस्सी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजेंद्र चौहान, महेश नगर मंडल की उपाध्यक्ष एवं नप सदस्य रेनू चौहान ,महेश नगर मंडल के सचिव वीके वैद,जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष राजीव जैन, महेश नगर मंडल महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष नेहा पुरी, पूर्व जोन प्रमुख सुरेंद्र गुप्ता, बूथ अध्यक्ष स खूबबढ़ सिंह , विकास के कार्यों को देख रहे बुथ अध्यक्ष सतनाम सिंह सैनी, मुन्ना सिंह, सुनील कुमार, कमलेश, गुड्डी पवार जानकी रावत ,सरोज लता मीनाक्षी पूनम गोयल व गुलशन कुमार, ब्रह्म प्रकाश, महेंद्र धीमान मौजूद रहे।



अंबाला। इंटरलॉकिंग सड़क का नारियल फोड़कर शुभारंभ करते महिला नेत्री अंजली वर्मा व अन्य।

## गांव नन्यौला से चंडीगढ़ तक फिर शुरू होगी एसी बस सेवा

- संचालन के बाद काफी समय से बंद पड़ी थी सेवा, सेवा शुरू होने से यात्रियों को होगा लाभ

**अंबाला।** पिछले काफी समय से बंद पड़ी नन्यौला चंडीगढ़ वातानुकूलित बस सेवा का दोबारा से संचालन शुरू कर दिया है। बता दें कि नन्यौला पूर्व मंत्री असीम गोयल का पैतृक गांव है। इस बस के चलने से लोगों ने राहत मिलेगी। चंडीगढ़, पानीपत और अंबाला के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। पांच महीने से यह वातानुकूलित बस बंद पड़ी थी। जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वापसी में इस बस को नन्यौला में रात्रि ठहराव किया गया है। नन्यौला से रोजाना यह वातानुकूलित बस सुबह छह बजकर 40 मिनट पर यात्रियों को लेकर चंडीगढ़ के लिए रवाना होगी। चंडीगढ़ पहुंचने के बाद यह बस कुछ समय के लिए ठहराव करेगी। इसके बाद यह बस चंडीगढ़ बस स्टैंड से यात्रियों को लेकर पानीपत के लिए संचालन करेगी और अंबाला, करनाल होते हुए पानीपत पहुंचेगी। इसके बाद वापसी में यह बस पानीपत से अंबाला आएगी और नन्यौला में रात्रि ठहराव करेगी।

---

## शिविर में 200 छात्रों ने लिया हिस्सा

- पुलिस डीएवी स्कूल में फाइनल परीक्षा खत्म होने के बाद शुरू हुआ चरित्र निर्माण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में बच्चों के लिए फाइनल एग्जाम समाप्त होने पर निशुल्क 8 दिवसीय चरित्र निर्माण शिविर का शुभारंभ किया गया है। यह चरित्र निर्माण शिविर 18 से 25 मार्च तक चलेगा। चरित्र निर्माण शिविर में 200 छात्र-छात्राएं भाग ले रहें है। बच्चों के लिए बॉक्सिंग , स्केटिंग, क्रिकेट, योग, वुशु, टेनिस, कंप्यूटर, कैरम बोर्ड विभिन्न गतिविधियां हैं जिनमें वे भाग ले रहे है। सभी गतिविधियां प्रशिक्षित अध्यापकों व कोच द्वारा करवाई जा रही है। स्कूल प्रिंसिपल डॉ. विकास कोहली ने बताया कि परीक्षाओं के बाद सत्र समाप्त होने पर बच्चों की शारीरिक व मानसिक क्षमताओं को उजागर करने के लिए इस शिविर का हर साल आयोजन किया जाता है। इसमें बच्चों को जीवन मूल्यों व खेलों से अवगत करवाया जाता है। बच्चे अपनी मनपसंद गतिविधियों में भाग लेकर छुट्टियों का मज़ा भी लेते हैं। बच्चों को इसके ज़रिये अपना हुनर व क्षमता दिखाने का मौका मिलता है। इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों के मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास में अहम भूमिका निभाती है।



अंबाला। विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेते छात्र। फोटो : हरिभूमि

## बजट मजदूरों-जनता के साथ धोखा: सेठी

**नारायणगढ़।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) के नेता सतीश सेठी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पेश किए गए बजट में प्रति व्यक्ति आय को 1,47, 382 से बढ़ाकर 3,53,182 रुपए बताया गया है। लेकिन राज्य में लाखों मजदूरों व ठेका कर्मचारियों समेत आशा, मिड डे मील,आंगनवाड़ी, क्रेच वर्कर्स को क्या मिल रहा है ? यह भी बताना चाहिए था। मुख्यमंत्री को यह भी आंकड़ा देना चाहिए कि प्रतिव्यक्ति आय में ऊपर के 2 से 3 प्रतिशत की कितनी आमदनी है। क्योंकि लाखों की संख्या की मजदूर आबादी की आमदन 5 से 10 हजार रुपए महीना भी नहीं है। उन्होंने कहा कि बजट में यह तो बताया गया कि 2014-2015 में राज्य में न्यूनतम वेतन करीब 8 हजार रुपए था।

## मुख्यमंत्री का जताया आभार

- जिलाध्यक्ष-बोले औद्योगिक क्रांति के साथ विकास के खुलेंगे नए रास्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा अंबाला शहर में 800 एकड़ भूमि पर आईएमटी स्थापित करने के लिए की गई घोषणा को लेकर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल,सीएम नायब सैनी और पूर्व मंत्री असीम गोयल का आभार व्यक्त किया है। मनदीप राणा ने भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बात करते कहा कि /"अंबाला शहर निश्चित ही आईएमटी के माध्यम से महानगरों की श्रेणी में आएगा और भविष्य में यहां व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कार्यकाल के पहले ही बजट में अंबाला शहर के लिए ऐतिहासिक घोषणा करते हुए 800 एकड़ भूमि पर आईएमटी स्थापित करने का प्रावधान रखा है। यह घोषणा अंबाला में व्यापार और उद्योग के लिए मील का पत्थर साबित होगी। क्योंकि आईएमटी के निर्माण से न केवल व्यापार बल्कि इलाके में रोज़गार को भी बढ़ावा मिलेगा। राणा ने जानकारी दी कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे पूर्व मंत्री असीम गोयल की कई वर्षों की मेहनत और अंबाला को विकास के पथ पर आगे लेकर जाने की असीम सोच है। उन्होंने यहां औद्योगिक विकास को गति देने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल से इस विषय पर चर्चा की थी।



अंबाला। सीएम नायब सैनी व पूर्व मंत्री का आभार जताते जिलाध्यक्ष मनदीप राणा।

---

## विद्यार्थियों ने बैंड की धुन पर डिग्री लेकर किया रैंप वॉक



बराड़ा। शैमरॉक लिटिल फ्लावर स्कूल में मंगलवार को 'ग्रेजुएशन सेरेमनी' का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह का मुख्य उद्देश्य नन्हे विद्यार्थियों को सम्मानपूर्वक विदाई देना व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मास्टर बृजमोहन, पुष्पा और ब्रह्म कुमारी दीदी सविता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। इसके बाद शैम प्रेप सीनियर के विद्यार्थियों ने मनमोहक वेलकम डांस प्रस्तुत किया। समारोह में यक्षित धीमान, गुरसीरत पाहवा और अवनूर कौर ने 'थैंक यू स्पीच' देकर अपने अनुभव सांझा किए। विद्यार्थियों ने बैंड की मधुर धुन के साथ हाथ में डिग्री लेकर रैंप वॉक किया और स्टेज पर पहुंचकर अपने माता-पिता, मुख्य अतिथियों, स्कूल की मदर पुष्पा देवी, चेयरमैन इंद्रजीत सिंह, प्रधानाचार्या रूबी शर्मा और उप-प्रधानाचार्या सुमन शर्मा से आशीर्वाद लिया।

---

**कार्यक्रम** सेफ सिटी टू नारायणगढ़ की ओर से छात्रों को किया जागरुक

# छात्राओं को महिला हेल्पलाइन के साथ दुर्गा शक्ति के बारे में दी जानकारी

छात्राओं को इन तकनीकों से अवगत करवाने के लिए पुलिस का धन्यवाद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

पुलिस की ओर से सेफ सिटी टू नारायणगढ़ टीम द्वारा आईटीआई होली में विद्यार्थियों तथा स्कूल स्टाफ को जागरूक किया गया। इस टीम का नेतृत्व कर रही हैड कांस्टेबल अंजू सैनी ने हेल्पलाइन नंबर 112, दुर्गा शक्ति, पॉक्सों एक्ट तथा महिला सुरक्षा के बारे में बताया। इसके अलावा उन्होने साइब्रर क्राइम के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि पॉक्सों एक्ट 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के साथ किसी भी प्रकार से सैक्सुअल शोषण करने वाले व्यक्ति पर इस एक्ट के तहत कार्रवाई की जाती है। इस कानून के माध्यम से नाबालिग बच्चों के साथ होने वाले यौन उत्पीडन, यौन शोषण, पोर्नोग्राफी और छेड़छाड़ के मामलों को रोकने के लिए किया गया है। इस कानून के द्वारा अलग-अलग अपराधों के लिए अलग सजा का प्रावधान है।



अंबाला। छात्रों को संबोधित करते पुलिस अधिकारी।

**आईटीआई के शिक्षकों ने भी भाग लिया**

कांस्टेबल प्रियंका ने 112 हेल्पलाइन नंबर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह सेवा 24&7 उपलब्ध है और किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में पुलिस, एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड की सहायता तुरंत प्राप्त की जा सकती है। छात्राएं लाइव डेमोस्ट्रेशन के माध्यम से बताया गया कि कैसे वे इन सेवाओं का उपयोग कर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है। इस कार्यक्रम में स्कूल और आईटीआई के शिक्षकों ने भी भाग लिया और छात्राओं को इन तकनीकों से अवगत कराने के लिए पुलिस का धन्यवाद किया। पुलिस द्वारा आयोजित इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। पुलिस विभाग आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा ताकि समाज में महिला सुरक्षा को मजबूत किया जा सके।